Urge the Centre to seek Monsoon Preparedness Report from States

श्री गौरव गोगोई **(जोरहाट) :** चेयरपर्सन महोदया, वायनाड में जो हादसा हुआ और हम देख रहे हैं कि बार-बार बारिश के कारण किस प्रकार से शहरी विकास तथा शहर पूरे ध्वस्त हो चुके हैं? उस संदर्भ में मैं चाहूंगा कि केन्द्र सरकार भारत के विभिन्न राजधानियों और प्रदेशों से रिपोर्ट मांगे कि जब इस प्रकार की बारिश आती है, चाहे पहाड़ हो या शहरी इलाका हो, तो वहां किस प्रकार से तैयारी हो रही है? हमने पिछले ही दिनों गुवाहाटी में देखा है कि थोड़ी सी बारिश से ही लोगों को बहुत असुविधाएं हुईं । जोरहाट में फ्लाईओवर पर लोगों को घंटों तक इंतजार करना पड़ा । ड्रेन काम नहीं कर रहा, ट्रैफिक काम नहीं कर रहा और गुवाहाटी के आस-पास भी ऐसे पहाड़ हैं, जहां पर लैंडस्लाइड होने की बहुत संभावना है । इसलिए मैं चाहता हूं कि क्लाइमेट चेंज, जलवायु परिवर्तन के मद्देनजर रखते हुए केन्द्र सरकार विभिन्न राज्य सरकारों से शहरी विकास और शहरी उन्नयन के संदर्भ में रिपोर्ट मांगे कि जब इस प्रकार से बारिश तथा जलवायु परिवर्तन होता है तो वह किस प्रकार ट्रैफिक, पार्किंग एवं लैंडस्लाइड से बचने के लिए सुविधाएं दे रही हैं? धन्यवाद ।